# संगोष्ठी : गूंजा श्रीराम का जीवन-दर्शन

## दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं रानी अवंती बाई विश्वविद्यालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी

नवभारत न्यूज

**सागर 18 मार्च. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं रानी अवंती बाई विवि के तत्वाधान में बुन्देलखण्ड के लोकहृदय में श्रीराम विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी पर विद्वानों ने श्रीराम के जीवन के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श किया.**



प्रथम सत्र में कुलगुरु डॉ. यशवंत ठाकुर सहित कई विद्वानों ने अपने विचार रखे. अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. ठाकुर ने कहा कि बुन्देलखण्ड के लोगों ने श्रीराम की सरलता और नेतृत्व क्षमता को समरसता के सिद्धांतों के साथ आत्मसात किया है. प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि बुन्देलखण्ड के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक परिदृश्य में श्रीराम की उपस्थिति गौरव का विषय है.

डॉ. अनुभूति शर्मा ने श्रीराम को राष्ट्र कल्याण का प्रतीक बताते हुए उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया. डॉ. कुमकुम गुप्ता ने कहा कि वाचिक परंपरा से लेकर साहित्य तक श्रीराम निरंतर विद्यमान रहे हैं और तुलसीदास ने उन्हें जन-जन तक पहुंचाया. वरिष्ठ साहित्यकार गोकुल सोनी ने कहा कि राम भक्ति सीता के साथ ही पूर्ण होती है.

डॉ. शरद सिंह ने पद्माकर के काव्य में श्रीराम की उपस्थिति को रेखांकित किया, जबकि डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने रामायण केंद्र की भूमिका पर प्रकाश डाला.

मुख्य अतिथि जेडी डॉ. नीरज दुबे ने कहा कि श्रीराम की मर्यादा, वचनबद्धता और भ्रातृप्रेम ने उन्हें व्यवहारिक जीवन में 'नर से नारायण बनने का मार्ग दिखाया. संस्कृत विभागाध्यक्ष सुखदेव वाजपेयी ने वाल्मीकि परंपरा में श्रीराम के चरित्र का विश्लेषण किया. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने श्रीराम को साम्यवाद के प्रथम उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि उन्होंने सत्ता में रहते हुए भी त्याग का परिचय दिया. डॉ. रामकुमार गोस्वामी ने कहा कि श्रीराम आस्था और श्रद्धा के विषय हैं, डॉ. रंजना मिश्रा ने उनके चरित्र को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बताया. संचालन डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, आभार प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने माना.

## टीकाकरण अभियान जारी

**सागर.** सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है. विशेष अभियान के तहत चिन्हित शासकीय अस्पतालों में बालिकाओं के लिए निःशुल्क टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए, जिसमें एक दिन में 530 बालिकाओं को टीका लगाया गया. अब तक कुल 2733 बालिकाएं इस अभियान से लाभान्वित हो चुकी हैं. स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के समन्वय से 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष 3 माह तक की बालिकाओं को चिन्हित कर निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है. अभिभावकों एवं किशोरियों को जागरूक करने के लिए क्षेत्र भ्रमण कर प्रेरित भी किया जा रहा है. जानकारी के अनुसार यह अभियान आगामी लगभग तीन माह तक चलेगा.

# संघर्ष, संगठन और विचारधारा से बनी भाजपा

नवभारत न्यूज

**सागर 18 मार्च. भारतीय जनता पार्टी सागर विधानसभा के चारों मंडलों में 2 दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया.**



यमुना ताई मंडल में आयोजित उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता विधायक शैलेंद्र जैन ने सागर नगर मंडल एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर मंडल में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का इतिहास एवं विकास विषय पर सत्रों को संबोधित किया. विधायक श्री जैन ने बताया कि विचारों में मतभेद के चलते डॉ. मुखर्जी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की नीतियों का विरोध करते हुए इस्तीफा दिया. उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर से संपर्क कर 1951 में भारतीय जनसंघ के गठन की प्रक्रिया शुरू की. उन्होंने बताया कि 1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ और मुंबई अधिवेशन में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया. प्रशिक्षण वर्ग में वक्ता के रूप में निगम महापौर श्रीमती संगीता तिवारी,नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, जाहर सिंह, पूर्व विधायक श्रीमती सुधा जैन, डॉ. अनिल तिवारी एवं हरिराम सिंह ठाकुर,विक्रम सोनी, डा आशीष द्विवेदी, अनुराग प्यासी,लक्ष्मण सिंह ने विभिन्न सत्रों को संबोधित किया. प्रशिक्षण वर्ग में जगन्नाथ गुरैया, मनीष चौबे, चेतराम अहिरवार, सुमित यादव, रामेश्वर नामदेव, अमित बैसाखिया, मेघा दुबे, नीरज यादव, नीलम अहिरवार, अंशुल हर्षे, रामेश्वर नेमा, सतीश जैन, नितिन सोनी, रिंकू राज, विकास केसरवानी, कुलदीप खटीक, नरेश यादव, शैलेंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र खटीक, विशाल खटीक, कैलाश हसानी मौजूद थे.

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष का स्वागत



नवभारत न्यूज

**सागर 18 मार्च. पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस विधायक अजय सिंह राहुल का जिले का दौरा कार्यक्रम हुआ.**

इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि मैं सिर्फ अपने कांग्रेस परिवार के लोगों से मिलने आया हूं. श्री सिंह का जिले की सीमा पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री राम यादव के नेतृत्व में अगवानी की गई. बंडा में पूर्व विधायक नारायण प्रजापति एवं तरवर सिंह लोधी के निवास पर स्वागत किया गया.

## पंजीयन कल तक होंगे

**सागर.** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खाद्य विभाग के ई -उपार्जन पोर्टल पर सरसों का पंजीयन 20 मार्च तक होगा. इस वर्ष चना एवं मसूर की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन शासन द्वारा तिथि 30 मार्च से 28 मई तक निर्धारित की गई है जबकि सरसों की भावांतर खरीदी 23 मार्च से 30 मई तक जिले की मंडी समतियों प्रागण में किया जायेगा. जिले में आज दिनांक तक उपार्जन हेतु चना के लिए 26004 कृषक, मसूर लिए 38900 कृषक तथा सरसों लिए 3169 कृषको द्वारा पंजीयन कराया गया है.

# 15 साल से फरार इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सागर 18 मार्च. हत्या के मामले में जेल से फरार होकर 15 वर्षों से पुलिस को चकमा दे रहा 30 हजार का इनामी स्थाई वारंटी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया. आरोपी ने अपनी पहचान बदलकर राजस्थान के जयपुर में नया नाम मदन रख लिया था और वहीं रहकर सामान्य जिंदगी जी रहा था.**



जानकारी के अनुसार थाना गोपालगंज क्षेत्र के शनिचरी चौगना निवासी अब्दुल राशिद वर्ष 2011 में उपचार के दौरान जेल से फरार हो गया था. इसके बाद उसने अपनी पहचान पूरी तरह बदल ली और लगातार ठिकाने बदलते हुए गिरफ्तारी से बचता रहा. जांच के दौरान आरोपी के जयपुर में होने की पुख्ता जानकारी मिली. इसके बाद उप निरीक्षक नीरज जैन के नेतृत्व में पुलिस टीम जयपुर पहुंची. टीम ने सिविल ड्रेस में 4-5 दिनों तक इलाके में डेरा डालकर लगातार निगरानी की और स्थानीय स्तर पर सूचनाएं जुटाई. लगातार रैकी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति चिन्हित किया गया, जिसकी गतिविधियां और हुलिया आरोपी से मेल खा रहे थे. पुलिस ने सटीक रणनीति के तहत घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने खुद को मदन बताकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन फिजिकल वेरिफिकेशन और गहन पूछताछ में उसकी असली पहचान अब्दुल राशिद के रूप में सामने आ गई.

# जैन तीर्थ में विभिन्न कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 18 मार्च. जैन तीर्थ नैनागिरि में पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज ससंघ के मंगल सान्निध्य में 23 एवं 24 मार्च को आचार्य चरण प्रतिष्ठा, वरदत्त विश्राम भवन का लोकार्पण, विशुद्ध सागर ज्ञान केंद्र का शुभारंभ समारोह सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है.**

श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र (रेशंदीगिरि) नैनागिरि ट्रस्ट कमेटी के मंत्री राजेश रागी एवं प्रबंध समिति के प्रचार मंत्री सुरेश सिंघई ने बताया कि सोमवार 23 मार्च को प्रातः 7 बजे से तीन मूर्ति मंदिर पारस देशना स्थल एवं पारसनाथ चौबीसी मंदिर में महामस्तकाभिषेक तथा भगवान अजितनाथ का मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा, अपराह्न पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर ससंघ का नैनागिरि में मंगल प्रवेश होगा. 4 बजे जल मंदिर के मानस्तंभ का महामस्तकाभिषेक एवं शाम 7 बजे से विद्वत सम्मेलन होगा. मंगलवार 24 मार्च के 7 बजे पारसनाथ चौबीसी जिनालय में महामस्तकाभिषेक तथा भगवान संभवनाथ का मोक्ष कल्याणक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा.

# शिक्षक-कर्मचारी खेल प्रतियोगिता संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 18 मार्च. शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया के क्रीड़ा परिसर में संभाग स्तरीय शिक्षक-कर्मचारी खेल प्रतियोगिता संपन्न हुआ.**




प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित बैडमिंटन स्पर्धा में दमोह जिला विजेता रहा. वहीं शतरंज, टेबल टेनिस एवं लॉन टेनिस प्रतियोगिताओं में सागर ज़िले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की. समग्र प्रदर्शन के आधार पर सागर जिला ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया, जबकि दमोह जिला उपविजेता रहा. प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. नीरज दुबे, ओएसडी रामकुमार गोस्वामी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसी जैन, गुलज़ारीलाल जैन तथा सुभाष हर्डीकर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. संचालन सुनील बाबू विश्वकर्मा ने किया. प्रतियोगिता की रूपरेखा क्रीड़ा अधिकारी जितेन्द्र राजपूत द्वारा प्रस्तुत की गई. डॉ. ध्रुव नारायण नामदेव द्वारा आभार व्यक्त किया गया.

# स्वच्छता वृक्षारोपण-योग महत्व



नवभारत न्यूज

**रहली 18 मार्च. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रासेयो छात्र-छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम हुआ.**

छात्र-छात्रा इकाई के तत्वाधान में चल रहे विशेष शिविर में योग व्यायाम किया गया तथा शिविर स्थल पर साफ-सफाई वृक्षारोपण कार्य किए गए. ग्राम पंचायत समनापुर कला की सरपंच और प्राचार्य डॉक्टर प्रवीण श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया. छात्र इकाई प्रभारी सत्यम दुबे ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. छात्रा इकाई सुषमा चौरसिया ने आभार माना.

# जल गंगा संवर्धन अभियान पर कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 18 मार्च. शासकीय महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**



कार्यक्रम अधिकारी अनीता मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम का उददेश्य विद्यार्थियों को जल का संवर्धन हेतु जागरूक करना है साथ ही वह अपने आस पड़ोस तथा समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें. डॉ श्रीकांत रिंगे ने कहा कि हमारी नदियों, बाबड़ियों, कुओं, तालाबों आदि में जल को संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है, जिस तरह से आज जल स्तर नीचे जा रहा है वह चिंताजनक है. इस दौरान निबंध प्रतियोगिता में शिवानी लोधी, मोहिनी कुर्मी, ललित लोधी एवं भाषण प्रतियोगिता में कुमकुम कुशवाह ने भाग लिया. पोस्टर प्रतियोगिता में सुमन पटेल, रिया साहू, काजल कोष्ठी साथ ही वाद विवाद प्रतियोगिता में रिया साहू, काजल कोष्ठी ने भाग लिया. इस मौके पर प्राचार्य चंदनसिंह सागर, शिरोमणि मिश्रा, अपर्णा दुबे, छोटूराम, ऋतु व्यास, भरत पटेल, निधि नगाइच, सन्दीप जैन, आशीष रैकवार, दीपशिखा नेमा, रश्मि जैन आदि उपस्थित थे. आभार भरत पटेल ने माना.

# हत्या के सभी आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सागर 18 मार्च. सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक जघन्य हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी जितेन्द्र पाण्डेय निवासी खैजराबाग, ने थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके भाई प्रदीप पाण्डेय और भतीजे रचित पांडेय पर पुरानी रंजिश के चलते आरोपी अनिल पांडे, अभय पांडे, शिवा पांडे, अनिल का नाबालिग पुत्र तथा प्रथम दुबे ने हमला कर दिया. आरोपियों ने दोनों के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे प्रदीप पाण्डेय की मौत हो गई. रिपोर्ट के आधार पर थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई. घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद सिंह ठाकुर ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया. गठित पुलिस टीमों ने बिना समय गंवाए कार्रवाई शुरू की. तकनीकी विश्लेषण, मुखबिरों से मिली सूचना और लगातार दबिश के चलते पुलिस ने आरोपियों को संभलने का मौका नहीं दिया. सघन घेराबंदी कर महज 24 घंटे के भीतर सभी मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार आरोपियों में शिवा (18), अनिल पाण्डे (45), अभय पाण्डे (44) निवासी बाग खैजरा तथा प्रथम दुबे (24) निवासी रविशंकर वार्ड, मोतीनगर शामिल हैं. वहीं एक विधि उल्लंघनकर्ता बालक को भी पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है. पुलिस टीम की आपसी समन्वय और सटीक रणनीति का योगदान रहा.



## प्रशिक्षण कार्यक्रम

**ललितपुर.** सीएमओ कार्यालय ईएमटी का चार दिवसीय प्रशिक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गय. इसका मुख्य उद्धेश ईएमटी को अत्या धुनिक चिक्सा उपकरण जैसे वेंट्रिलेटर मोनिटर सिरिंजपम्प इत्यादि के वारे मे प्रशिक्षित किया गया. कार्यक्रम मे लगभग चालीस एएमटी ने भाग लिया एवं इस कार्यक्रम समापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधाकर पांडे एवं नोडल अधिकारी डॉ सतीश चंद्र के द्वारा किया गया एवं इस दोरान क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग कपूर एवं मंडल प्रबंधक संजय ठाकुर मौजूद रहे.

# सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय

नवभारत न्यूज

**खुरई 18 मार्च. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के आग्रह पर जिला क्षत्रिय महासभा सागर के तत्वावधान में सागर जिले के क्षत्रिय समाज की बेटियों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में आयोजित करने का निर्णय लिया है.**



जरुआखेड़ा ठाकुर बाबा मंदिर परिसर में होली मिलन के लिए एकत्रित हुए क्षत्रिय महासभा के सदस्यों की ओर से सामूहिक विवाह आयोजन के लिए 21 लाख की राशि और बड़ी मात्रा में खाद्यान्न, बर्तन, साड़ियां आदि सामग्री का योगदान करने की घोषणा हुई. क्षत्रिय महासभा का सामूहिक विवाह आयोजन रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण सागर से होगा. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री सिंह ने कहा कि पिछले डेढ़ दो साल की छोटी सी अवधि में क्षत्रिय महासभा ने अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं. समाज की एक जुटता से क्षत्रिय समाज का भवन बना जिसमें समाज की 44 बेटियां पूरी सुविधाओं के साथ निशुल्क रूप से रह कर पढ़ रही हैं. मृत्यु भोज समाप्त करने की दिशा में क्षत्रिय समाज ने लगभग 50 प्रतिशत सफलता प्राप्त कर ली है और दो साल में लगभग यह प्रथा पूरी तरह समाप्त हो जाएगी. श्री सिंह ने कहा कि दुनिया और समाज में सम्मान उसका होता है जो देता है, दूसरों के काम आता है और समाज के कमजोर परिवारों को सहयोग देते हुए आगे बढ़ाता है. सिर्फ धन संपत्ति से कोई सम्मान का अधिकारी नहीं बन जाता. उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों का यह दायित्व है कि वे कमजोर परिवारों के हितों के लिए आगे आएं, इसके लिए सेवा का कोई प्रकल्प चुनें.

# खेत से थाली तक महिला किसानों ने पोषण की कमान संभाली है




नवभारत न्यूज

**सागर 18 मार्च. भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश के द्वारा कपूरिया गांव में महिला किसान वर्ष के विषय पर उत्पादन से उपयोग तक की प्रक्रिया में संपर्क परिचय, चर्चा, सर्वेक्षण के संदर्भ में कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**

भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि खेत से थाली तक महिला किसानों ने संभाली देश की पोषण की कमान. मुख्य अतिथि भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत की प्रांत उपाध्यक्ष ज्ञानमंजरी दीक्षित ने कहा दुनिया अब जंक फूड छोड़कर श्री अन्न की ओर लौट रही है. नगर अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा उपाध्यय ने कहा कि- महिलाएं अब सिर्फ अनाज नहीं उगातीं, बल्कि उसकी प्रोसेसिंग कर रही हैं. मसाला यूनिट्स, दाल मिल, पैकेजिंग सेंटर्स खुल रहे हैं.

# सुख में सुमिरन जो करे दुख काए हो- मुनिश्री सुधासागर महाराज

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 18 मार्च. अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्र में मुनिश्री सुधासागर महाराज ने कहा पर के आलम्बन के बिना व्यक्ति जी नहीं सकता और इसको छोडे बगैर कल्याण नहीं है. जीवन में अपने मन को प्रसन्न रखो सौभाग्य मानो कि हम अपने मन को दुखी नहीं करेंगे और अच्छा सोचेंगे.**



मुनिश्री ने कहा अपना समय व्यर्थ मत गवाओ प्रभु की भक्ति स्वाध्याय से जुडने से जीवन में शान्ति और कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा. मुनि श्री ने कहा जैन दर्शन कहता है कि यह मनुष्य जन्म तुम्हें कई जन्मों के पुण्य से मिला है इसका उपयोग करो बुरे कार्यों पर न तो सोचो और न ही करो. धर्म ही सद आचरण और अच्छे बुरे की पहिचान देता है. प्रकृत्ति माँ है बह गलत वस्तु का निर्माण नहीं करती हर वस्तुत में गुण है इसलिए पहचानो और प्रभु चरणों से जुडो प्रभु के सुमरन में ही कल्याण है सुख के दिन गलत कार्य में मत गवाओ प्रभु चरणों में बने रहो और गलत कार्यों से बचो इससे जीवन में संस्कार आएगें भविष्य सुधरेगा.

धर्म सभा के शुभारंभ में मुनि श्री सुधासागर महाराज का पादाप्रक्षालन जैन पंचायत के साथ शान्तोदय, देवोदय एवं सतोदय तीर्थ के पदाधिकारियों द्वारा किया गया. महिला मण्डल द्वारा संगीतमय मुनि श्री की पूजन हुई जिसमें भक्तिपूर्वक अर्ध समर्पित किए गए. धर्मसभा का संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया. मुनि श्री के ससंघ अभिनंदनोदय तीर्थ में विराजमान रहने से अपूर्व धर्मप्रभावना हो रही है. अभिनंदनोदय तीर्थ मुनि श्री को लेकर आए। सायंकाल जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम आलोक जैन शास्त्री के संयोजन में सम्पन्न हुआ जिसमें अनेकों श्रावकों ने अपनी शंकाओं का समाधान निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज द्वारा पाया जिसमें उन्होने श्रावकों को धर्म से जुडने एवं समाजिक कार्यों में सक्रिय रहने की प्रेरणा दी. धर्मसभा में प्रमुख रूप से जैन पंचायत के अध्यक्ष डॉ अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, संयोजक सनत जैन खजुरिया, सीए सौरभ जैन, मंदिर प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक दैलवारा, धार्मिक अयोजन संयोजक प्रतीक इमलिया, राकेश जैन, जितेन्द्र चारू मंडी, संजीव अनौरा, शीलचंद अनौरा, राजेन्द्र जैन थनवारा, अक्षय अलया मीडिया प्रभारी, संजीव जैन ममता स्पोर्ट,नरेंद्र जैन आदि मौजूद थे.

# कबड्डी में सागर टीम बनी विजेता



नवभारत न्यूज

**सागर 18 मार्च. राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.**

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जनपद पंचायत सागर और जनपद पंचायत केसली की टीमों के बीच खेला गया. मैच के दौरान दोनों टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंत में सागर की टीम ने विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली. फाइनल मुकाबला एवं प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ.

## संगठनात्मक हालातों पर चर्चा की गई

**रहली.** सागर में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधानसभा से कांग्रेस विधायक अजय सिंह राहुल के आगमन पर रहली के वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने मुलाकात की. इस दौरान कांग्रेसियों ने श्री सिंह से कांग्रेस संगठनात्मक विषयों पर विषयों पर चर्चा की और हालात बताये. इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सौरभ हजारी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष दीपक जैन, किसान कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद नायक, रत्नेश पटेल, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष उपस्थित थे.